# कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
# ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, मसौढ़ी

पत्रांक–665 / मसौढ़ी, दिनांक 18/6/2021

प्रेषक,

कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, मसौढ़ी ।

सेवा में,

मेसर्स श्री कृष्णा इंजीनीयरिंग वर्क्स,
अरवल मोड़, पटना–गया रोड,
जिला– जहानाबाद।

विषयः– PMGSY शीर्ष से निर्मित पथ में अनुरक्षण कार्य नही करने के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक सूचित करना है कि शीर्ष PMGSY के तहत " T03 to Tarpura." कार्य अनुरक्षण अवधि में है। पूर्व में भी आपको पत्र एवं मौखिक रुप से अनुरक्षण करने के लिए निदेशित किया गया है परन्तु अभीतक आपके द्वारा अनुरक्षण का कार्य नही कराया गया है। इसी कारण पथ की स्थिति दयनीय हो गयी है।

उपरोक्त परिपेक्ष्य में अंतिम स्मार देते हुए निदेशित किया जाता है कि तीन दिनों के अन्दर अनुरक्षण का कार्य सम्पन्न करायें। अनुरक्षण नही करने की स्थिति में SBD के सुसंगत कंडिका में प्रावधानित प्रावधान के अनरुप आपके एकरारनामा को विखण्डित करते हुए आपके निबंधन को काली सूची में डालने की अनुशंसा की जायेगी। साथ ही साथ आपके जमानत की राशि से पथ का अनुरक्षण कार्य सम्पन्न कराने की दिशा में अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी।

**कार्यपालक अभियन्ता**
**ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, मसौढ़ी ।**